# धर्मांतरण पर कानून लाएगी सरकार

**छग सीएम साय बोले- रोज आ रही है धर्मांतरण की खबरें**



**रायपुर 27 जुलाई. छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने रविवार को शदाणी दरबार में आयोजित हिंदू राष्ट्रीय अधिवेशन में कहा कि प्रदेश में रोज किसी न किसी जगह से धर्मांतरण की खबर आ रही जिसे लेकर हमारी सरकार धर्मांतरण पर नया कानून लाने जा रही है.**

साय ने बताया कि नए कानून का ड्राफ्ट तैयार हो रहा है जिसे विधानसभा के अगले सत्र में पटल पर रखा जाएगा. उन्होंने अधिवेशन में कहा कि राज्य में कोई भी गाय सड़कों पर नहीं दिखनी चाहिए और इसके लिए ठोस कदम उठाए जा रहे हैं. उन्होंने बताया कि राज्य में सवा सौ पंजीकृत गौशालाएं हैं, जिन्हें पांच लाख से बढ़ाकर 25 लाख रुपये की सहायता दी जा रही है. नगरीय क्षेत्रों में भी गौशालाएं बनाई गई हैं और निर्देश दिए गए हैं कि सड़कों पर मवेशी नजर न आएं. मुख्यमंत्री ने कहा, जब गाय दूध देना बंद कर देती है, तो उसे सड़कों पर छोड़ दिया जाता है. यह स्थिति ठीक नहीं है. हिंदू भाइयों को इस पर ध्यान देना होगा उन्होंने आश्वासन दिया कि आने वाले समय में सड़कों पर कोई मवेशी नहीं दिखेगा.

**गौ रक्षा और मंदिर पुनरुत्थान पर भी सरकार का फोकस**


कार्यक्रम में मुख्यमंत्री साय ने गौ रक्षा को लेकर भी अपनी प्रतिबद्धता जताई.उन्होंने कहा, मैंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि सड़कों पर कोई भी गौवंश या मवेशी दिखाई नहीं देना चाहिए। सरकार इसके लिए विशेष अभियान चला रही है. साथ ही उन्होंने हिंदू समाज से भी आह्वान किया कि वे आगे आकर गौ माता की रक्षा के लिए सक्रिय भूमिका निभाएं. मुख्यमंत्री ने छत्तीसगढ़ में मंदिरों के पुनरुत्थान की दिशा में भी काम जारी होने की बात कही। उन्होंने कहा कि सरकार पौराणिक व ऐतिहासिक मंदिरों के जीर्णोद्धार और विकास के लिए योजना बना रही है. हिंदू जनजागृति मंच का अधिवेशन हिंदू जनजागृति मंच द्वारा आयोजित इस अधिवेशन में विभिन्न सामाजिक और धार्मिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। मंच के वक्ताओं ने धर्मांतरण, लव जिहाद, और सांस्कृतिक विरासत की रक्षा जैसे मुद्दों पर चिंता जताई और सरकार से ठोस कदम उठाने की मांग की.

## तेलंगाना रेव पार्टी में छापा, 9 लोग गिरफ्तार

**हैदराबाद, 27 जुलाई.** तेलंगाना में हैदराबाद के कोंडापुर में पुलिस ने एक बड़ी रेव पार्टी का भंडाफोड़ करते हुए इस मामले में नौ लोगों को गिरफ़्तार किया है. यह पार्टी एक सर्विस अपार्टमेंट में चल रही थी. इस पार्टी में ड्रग्स, शराब और अश्लील नृत्य शामिल थे, जिनमें कथित तौर पर आंध्र प्रदेश से लाई गई महिलाएं शामिल थीं. कार्रवाई करते हुए सब-इंस्पेक्टर संध्या बलाराजू और उनकी टीम ने परिसर में छापा मारा और 2.08 किलोग्राम गांजा, 50 ग्राम ओजी कुश, 11.57 ग्राम मैजिक मशरूम, 1.91 ग्राम हशीश, शराब की बोतलें, चार कारें और 11 मोबाइल फ़ोन ज़ब्त किए.

# राजनाथ सिंह बोले- युद्ध बंदूकों से नहीं, बल्कि समय पर संसाधनों की आपूर्ति से जीते जाते हैं

**वडोदरा में गति शक्ति विवि के दीक्षांत समारोह में किया संबोधित**




**वडोदरा,27 जुलाई . रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रविवार को वडोदरा स्थित गति शक्ति विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में कहा कि युद्ध केवल बंदूकों से नहीं, बल्कि समय पर संसाधनों की आपूर्ति से जीते जाते हैं. उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर इसकी मिसाल है, जिसमें उत्कृष्ट लॉजिस्टिक्स प्रबंधन ने निर्णायक भूमिका निभाई.**

उन्होंने कहा, लॉजिस्टिक्स केवल वस्तुएं पहुंचाने की प्रक्रिया नहीं, बल्कि यह सामरिक शक्ति है, जो अराजकता को नियंत्रण में बदलती है. चाहे युद्ध हो, आपदा या महामारी, वही राष्ट्र सक्षम होता है जिसकी लॉजिस्टिक्स श्रृंखला मजबूत हो. रक्षा मंत्री ने भारत के लॉजिस्टिक्स क्षेत्र को गति देने में पीएम गतिशक्ति योजना, राष्ट्रीय लॉजिस्टिक्स नीति और मिशन मोड परियोजनाओं के योगदान को रेखांकित किया. उन्होंने बताया कि इसका असर केवल संपर्क नहीं, बल्कि आर्थिक उत्पादकता, सेवा वितरण और लागत नियंत्रण में भी देखने को मिला है.

राजनाथ सिंह ने जीएसवी को 'राष्ट्रीय आकांक्षाओं की पूर्ति का केंद्र' बताते हुए कहा कि यह संस्थान सिर्फ शिक्षा केंद्र नहीं, बल्कि लॉजिस्टिक्स में भारत को वैश्विक नेतृत्व की ओर ले जाने वाला विचार है. उन्होंने छात्रों को डिजिटलीकरण, एआई, ऑटोमेशन और टिकाऊ लॉजिस्टिक्स पर ध्यान केंद्रित करने का आह्वान किया.

# 'अब्दुल कलाम एक महान देशभक्त'

**मोदी ने एपीजे कलाम की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की**



**नईदिल्ली 27 जुलाई. मोदी ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा, हमारे प्रिय पूर्व राष्ट्रपति डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि. उन्हें एक प्रेरक दूरदर्शी, उत्कृष्ट वैज्ञानिक, मार्गदर्शक और एक महान देशभक्त के रूप में याद किया जाता है.**

राष्ट्र के प्रति उनका समर्पण अनुकरणीय है. उनके विचार भारत के युवाओं को एक विकसित एवं सशक्त भारत के निर्माण में योगदान देने के लिए प्रेरित करते हैं. मोदी ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा, सीआरपीएफ के सभी जवानों को स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं. इस बल ने हमारी सुरक्षा व्यवस्था में, विशेष रूप से आंतरिक सुरक्षा से जुड़े चुनौतियों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है. सीआरपीएफ के जवानों ने विकट परिस्थितियों में भी अपने कर्तव्य, साहस और दृढ़ प्रतिबद्धता से अपनी पहचान बनाई है.



पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल ने कहा कि पूर्व राष्ट्रपति, महान वैज्ञानिक और मिसाइल मैं डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम जी की पुण्यतिथि पर शत-शत नमन. उनका जीवन, उनके विचार और उनका सादापन आज भी करोड़ों युवाओं को प्रेरणा देता है. भारत उन्हें सदैव श्रद्धा और गर्व के साथ याद करता रहेगा.

## रामेश्वरम-काशी के बीच जल सेतु की शुरुआत

**वाराणसी 27 जुलाई.** काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग और तमिलनाडु के श्री रामेश्वरम ज्योतिर्लिंग के बीच रविवार को एक पवित्र नवाचार के रूप में तीर्थ जल के आदान-प्रदान की परंपरा का शुभारंभ किया गया है. काशी विश्वनाथ मंदिर न्यास के मुख्य कार्यपालक अधिकारी विश्व भूषण मिश्र ने बताया कि इसके तहत प्रयागराज के त्रिवेणी संगम से प्राप्त पवित्र जल व रेत तथा रामेश्वरम के कोडी तीर्थम जल का उपयोग दोनों ज्योतिर्लिंगों में श्रद्धा के साथ अभिषेक के लिए किया जाएगा. काशी विश्वनाथ विशिष्ट क्षेत्र विकास परिषद और मंदिर न्यास के प्रतिनिधि दल ने प्रयागराज में त्रिवेणी संगम से विधिवत पूजन के साथ पवित्र जल और रेत संग्रहित किया.

# दिल्ली की झुग्गीवालों के साथ हूं खड़ा

**राहुल ने झोपड़ियां तोड़ने पर भाजपा की संवेदनहीनता करार दिया**



**नईदिल्ली, 27 जुलाई. लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने दिल्ली में झुग्गी झोपड़ियां तोड़ने की कार्रवाई को भाजपा की संवेदनहीनता करार देते हुए कहा है कि गरीब की छत छीनना इंसाफ तथा इंसानियत के खिलाफ है और इसके लिए गरीबों के साथ खड़े हैं.**

गांधी ने कहा सोचिए, अगर आपके अपने माँ-बाप, बच्चे या भाई-बहन के सिर से अचानक छत छीन ली जाए. अगर आपके पूरे परिवार को एक ही पल में बेघर कर दिया जाए, तो आपको कैसा लगेगा. दिल्ली की झुग्गियों में रहने वाले सैकड़ों ग़रीब परिवार आज इसी दर्द से गुजर रहे हैं. जिन छोटे-छोटे घरों में उनकी पूरी ज़िंदगी बसी थी, उन्हें भाजपा सरकार ने बेरहमी से उजाड़ दिया.

उन्होंने कहा कि गरीब की झोपड़ी उसकी जीने का सहारा होता है. उनका कहना था कि ये सिर्फ़ घर नहीं थे - ये उनके सपने, उनका सम्मान और जीने का सहारा था. प्रशासन की आड़ में किया जा रहा यह अत्याचार, ग़रीबों के प्रति भाजपा की संवेदनहीनता और सत्ता के घमंड को उजागर करता है. गांधी ने कहा हम इन उजाड़े गए परिवारों के साथ मजबूती से खड़े हैं. ये लड़ाई अब सिर्फ़ घरों की नहीं, इंसाफ़ और इंसानियत की है और हम हर मोर्चे पर लड़ेंगे.

राहुल गांधी ने अपने वाट्सएप चैनल पर लिखा कि जेलरवाला बाग में जो दृश्य उन्होंने देखा, वह अत्यंत दर्दनाक था. बहुजनों के अधिकारों का हनन, रोजगार और अवसरों की कमी, और अब सिर से छत छीन लेना, भाजपा की मनुवादी सोच को दर्शाता है.

## रूस गैस विस्फोट में मौतों का आंकड़ा पहुंचा सात

**मास्को, 27 जुलाई.** रूस के सारातोव क्षेत्र की एक इमारत में हुए गैस विस्फोट के बाद बचाव कर्मियों ने मलबे से सातवें पीड़ित का शव बरामद किया है. यह जानकारी क्षेत्रीय सुरक्षा विभाग के प्रमुख यूरी युरिन ने शनिवार को दी. रूसी जांच समिति ने कहा कि जांचकर्ताओं ने सातवें पीड़ित के शव की जांच की है जो उस इमारत में रहता था जहां गैस विस्फोट हुआ था. रूसी आपातकालीन मंत्रालय के अनुसार, 16 लोगों ने चिकित्सा सहायता की मांग की है तथा एक बच्चे सहित चार अन्य लोगों की जानकारी प्राप्त नहीं है. उल्लेखनीय है कि शुक्रवार को एक दस मंजिला इमारत में गैस विस्फोट हुआ जिससे सातवीं से दसवीं मंजिल तक का प्रवेश द्वार नष्ट हो गया.

# थाईलैंड संघर्ष : 80 हजार कंबोडियाई बेघर

- 536 स्कूल बंद, 1,30,000 छात्र प्रभावित हुए
- 1,00,000 से अधिक लोगों को सुरक्षित क्षेत्रों में पहुंचाया



**नोम पेन्ह, 27 जुलाई ( वार्ता ) कंबोडिया और थाईलैंड के बीच सशस्त्र संघर्ष चौथे दिन भी जारी रहने के कारण लगभग 80 हजार कंबोडियाई ग्रामीण सुरक्षित स्थानों पर शरण लेने के लिए अपने घरों से पलायन कर गये हैं.कंबोडियाई रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता ने रविवार को यह जानकारी दी.**

कंबोडियाई रक्षा मंत्रालय की प्रवक्ता लेफ्टिनेंट जनरल माली सोचेता ने मीडिया को बताया तीन प्रांतों प्रीह विहियर, ओद्दार मींचे और पुरसात से पलायन करने वालों की संख्या 80 हजार हो गयी है. उन्होंने बताया कि कुल 536 स्कूल बंद कर दिए गए हैं जिससे 1,30,000 छात्र प्रभावित हुए हैं.

आंकड़ों के अनुसार गुरुवार को विवादित सीमा क्षेत्रों को लेकर कम्बोडियाई और थाई सैनिकों के बीच सशस्त्र संघर्ष शुरू होने के बाद से दोनों पक्षों के 30 से अधिक लोग मारे गए हैं तथा 1,00,000 से अधिक लोगों को सुरक्षित क्षेत्रों में पहुंचाया गया है. दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर अंतर्राष्ट्रीय कानून का उल्लंघन करने व पहले गोलीबारी करने का आरोप लगाया है.

**ट्रम्प ने दी प्रतिक्रिया**

थाईलैंड ने रविवार को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के थाई-कंबोडिया सीमा पर युद्ध विराम के आह्वान पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि देश सैद्धांतिक रूप से युद्ध विराम के लिए सहमत है लेकिन वह कंबोडियाई पक्ष की ओर से ईमानदार इरादे की आशा करता है. बयान में थाई विदेश मंत्रालय ने पुष्टि किया कि कार्यवाहक पीएम फुमथम वेचायाचाई ने राष्ट्रपति ट्रम्प से बातचीत की जिन्होंने अनुरोध किया कि थाईलैंड और कंबोडिया को तत्काल युद्ध विराम पर सहमत होना चाहिए. ट्रम्प से कहा कि थाईलैंड सैद्धांतिक रूप से युद्धविराम पर सहमत है.

## अयोध्या में याद किये गये रामचंद्र परमहंस दास

**अयोध्या 27 जुलाई.** श्रीराम जन्मभूमि मंदिर आंदोलन के पुरोधा दिगम्बर अखाड़ा के पीठाधीश्वर सिद्ध संत रहे परमहंस रामचंद्र दास की पुण्यतिथि उन्हें राममंदिर आंदोलन के निर्णायक रणनीतिकार रूप में याद किया गया. श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के महासचिव एवं विश्व हिंदू परिषद के अंतरराष्ट्रीय उपाध्यक्ष चंपत राय ने कहा कि पूज्य श्रीमहाराज रामचंद्र परमहंस दास का व्यक्तित्व विराट एवं सोच प्रखर राष्ट्रवादी थी. उनकी बेबाक शैली का सभी लोहा मानते थे. श्रीराम जन्मभूमि मंदिर आंदोलन को पूरे देश में जन आंदोलन के रूप में परिवर्तित करने में रामचंद्र परमहंस दास, महंत अवैद्यनाथ और अशोक सिंघल के साथ महत्वपूर्ण भूमिका निभाई.

# भारत स्टार्टअप्स के क्षेत्र में सबसे आगे

- मन की बात में मोदी बोले - वैज्ञानिक उपलब्धियों पर गर्व
- अंतरिक्ष से सफल वापसी का भी किया उल्लेख

**नई दिल्ली,27 जुलाई. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात के 124वें संस्करण में देश की वैज्ञानिक, सांस्कृतिक और सामाजिक उपलब्धियों पर गर्व व्यक्त करते हुए अनेक प्रेरणादायक बातें साझा कीं.**

उन्होंने बताया कि आज भारत अंतरिक्ष स्टार्टअप्स के क्षेत्र में भी आगे बढ़ रहा है. पांच वर्ष पहले जहां 50 से भी कम स्टार्टअप थे, वहीं अब यह संख्या 200 से अधिक हो गई है. प्रधानमंत्री ने शुभांशु शुक्ला की अंतरिक्ष से सफल वापसी का उल्लेख करते हुए कहा कि जैसे ही वे धरती पर लौटे, पूरे देश में गर्व और खुशी की लहर दौड़ गई. पीएम मोदी ने उन्होंने चंद्रयान-3 की सफलता को विज्ञान और अंतरिक्ष के प्रति बच्चों में नई जिज्ञासा का स्रोत बताया. मोदी ने कहा कि असम का काजीरंगा नेशनल पार्क. वैसे तो ये इलाका अपने गैंडों के लिए मशहूर है, लेकिन इस बार चर्चा का विषय बना है, यहां के घास के मैदान और उनमें रहने वाली चिड़ियां. पार्क इलाके में पहली बार ग्रासलैंड बर्ड सेंसस हुआ है.

पीएम मोदी ने भारत के विद्यार्थियों के अंतरराष्ट्रीय गणित और रसायन ओलंपियाड में शानदार प्रदर्शन की सराहना की और बताया कि अगला खगोल विज्ञान ओलंपियाड अगस्त में मुंबई में आयोजित होगा. प्रधानमंत्री ने भारत के मराठा किलों को यूनेस्को द्वारा विश्व धरोहर घोषित किए जाने पर गर्व जताया. साथ ही, उन्होंने प्राचीन पांडुलिपियों के संरक्षण की बात करते हुए 'ज्ञान भारतम् मिशन' की जानकारी दी, जिसके तहत इन्हें डिजिटली संरक्षित किया जाएगा. तमिलनाडु के मणि मारन जी के प्रयासों की सराहना करते हुए उन्होंने बताया कि वे तमिल पांडुलिपियां पढ़ने की विधा नई पीढ़ी को सिखा रहे हैं.



## एक नजर में



### फिलीपींस में मुठभेड़, 7 विद्रोही ढेर

**मनीला, 27 जुलाई .** फिलीपींस की राजधानी मनीला के दक्षिण-पूर्व में स्थित मसबाते प्रांत में रविवार को सैनिकों के साथ हुई झड़प में सात संदिग्ध विद्रोही मारे गए. सेना के एक वरिष्ठ अधिकारी मेजर फ्रैंक रोल्डन ने बताया कि प्रांत के उसोन शहर में एक लड़ाकू अभियान में सुबह लगभग छह बजे सैनिकों की न्यू पीपुल्स आर्मी (एनपीए) के 15 कथित सदस्यों के साथ झड़प हुई, जिसमें सात विद्रोही मारे गए. इस लड़ाई में कोई भी सैनिक मारा या घायल नहीं हुआ. सेना ने कहा कि सैनिकों ने मुठभेड़ स्थल से सात असॉल्ट राइफलें और दो ग्रेनेड लांचर बरामद किए. एनपीए के विद्रोही 1969 से सेना से लड़ रहे हैं. अपने घटते लड़ाकों के बावजूद, एनपीए ग्रामीण इलाकों में छोटे पैमाने पर हमले जारी रखे हुए है.

### राजद का चुनाव आयोग पर निशाना

**पटना 27 जुलाई .** बिहार राष्ट्रीय जनता दल प्रवक्ता चित्तरंजन गगन ने चुनाव आयोग के हवाले से मीडिया में प्रकाशित विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) सम्बंधित आंकड़े को खारिज करते हुए इसे अविश्वसनीय और आधारहीन करार दिया है. गगन ने कहा कि प्रकाशित आंकड़े में 65 .2 लाख लोगों का नाम मतदाता सूची से कटने की बात की गई है. इन आंकड़ों पर सवाल उठाते हुए उन्होंने कहा कि जिन लोगों का फॉर्म जमा नहीं हुआ है उसमें मृत, दूसरे स्थान पर स्थानांतरण, डबल पंजीकरण और ट्रेस लेस के रूप में वर्गीकरण बिना किसी आधार की स्पष्ट जानकारी के किया है. राजद प्रवक्ता ने कहा कि आंकड़े के अनुसार मतदाता सूची में लगभग 22 लाख मतदाताओं को मृत माना है. उन्होंने कहा कि आश्चर्यजनक बात यह है कि जनवरी 2025 से मात्र छः महीने में ही 22 लाख मतदाताओं की मृत्यु हो गई जबकि लोकसभा चुनाव के पूर्व 2023 में हुए पुनरीक्षण और 2024 में हुए पुनरीक्षण के बीच 1 वर्ष में मात्र 4 .09 लाख मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटाए थे.

### आरएसएफ ने की सरकार गठन की घोषणा

**खार्तूम, 27 जुलाई .** सूडान के अर्धसैनिक रैपिड सपोर्ट फोर्सेज (आरएसएफ) के नेतृत्व वाले राजनीतिक गठबंधन ने शनिवार को देश में एक समानांतर सरकार के गठन की घोषणा की जिससे वर्षों से ज्यादा समय से चल रहे गृहयुद्ध से ग्रस्त देश में ज्यादा विभाजन की चिंताएं बढ़ गई हैं. गठबंधन के प्रवक्ता अला अल दीन नुगुद ने टेलीग्राम पर एक बयान में कहा, गठबंधन के नेतृत्व निकाय ने मोहम्मद हसन अल-ताइशी को समानांतर सरकार का प्रधानमंत्री नियुक्त करने पर सहमति व्यक्त की है.

# गाजा में शांति के लिए मिस्र-फ्रांस की पहल

**मिस्र-फ्रांस राष्ट्रपति गाज़ा युद्धविराम पर वार्ता**



**काहिरा, 27 जुलाई. मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल-फतह अल-सीसी ने शनिवार को अपने फ्रांसीसी समकक्ष इमैनुएल मैक्रों के साथ फोन पर बातचीत कर गाजा पट्टी में युद्धविराम के लिए मध्यस्थता के प्रयासों पर चर्चा की.**

यह जानकारी रविवार को मिस्र के राष्ट्रपति कार्यालय ने एक बयान में दी. दोनों नेताओं ने गाजा के लोगों को पर्याप्त मानवीय सहायता उपलब्ध कराने पर जोर दिया.उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय प्रस्तावों के अनुसार फिलिस्तीन मुद्दे का न्यायसंगत एवं व्यापक समाधान निकालने की आवश्यकता पर भी बल दिया. सितंबर में संयुक्त राष्ट्र महासभा के आगामी 80वें सत्र के दौरान फिलिस्तीन को आधिकारिक रूप से मान्यता देने के श्री मैक्रों की हालिया घोषणा का स्वागत करते हुए श्री सिसी ने कहा कि यह निर्णय दो-राष्ट्र समाधान को लागू करने के लिए फ्रांस के प्रयासों का हिस्सा है. श्री सिसी ने फिलिस्तीनी मुद्दे का शांतिपूर्ण समाधान करने के लिए एक उच्च स्तरीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित करने के उद्देश्य से फ्रांस-सऊदी पहल को मिस्र का समर्थन देने की भी पुष्टि की.

## आज का इतिहास

1821 पेरू ने स्पेन से अपनी स्वतंत्रता की घोषणा की।

1866 अमेरिका में पैमाइश के लिए मीट्रिक प्रणाली के इस्तेमाल को कानूनी मान्यता दी गई।

1866 विन्नी रीम संयुक्त राज्य सरकार से एक प्रतिमा प्राप्त करने वाले पहले और सबसे कम उम्र के कलाकार बन गए।

1878 बर्लिन सम्मेलन के समापन पर रुस जर्मनी, फ्रांस, ब्रिटेन और ऑस्ट्रिया के बीच बर्लिन समझौते पर हस्ताक्षर

1914 आस्ट्रिया-हंगरी ने सर्बिया के खिलाफ युद्ध की घोषणा

1957 जापान के इशहाया में भारी बारिश की वजह से 992 लोगों की मौत हुई।

# चिराग को बिहार में डर है तो फिर साथ क्यों हैं? - प्रशांत



**लखीसराय, 27 जुलाई. जनसुराज पार्टी के सूत्रधार प्रशांत किशोर ने कहा है कि यदि चिराग पासवान को बिहार में बढ़ते अपराध और कानून व्यवस्था की चिंता है तो सबसे पहले उनको राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन ( राजग ) का साथ छोड़ देना चाहिए.**

किशोर ने अपनी बिहार बदलाव यात्रा के दौरान लखीसराय जिले के सूर्यगढ़ा में संवाददाताओं से बात करते हुए कहा कि पासवान बयान दे कर कह रहे हैं कि बिहार में बढ़ते अपराध से उनको चिंता हो रही है और प्रदेश में बढ़ते अपराध और भ्रष्टाचार का वह समर्थन नही करते हैं. जनसुराज के नेता ने तंज कसते हुए कहा, यदि सचमुच उन्हें बिहार की आवाज उठानी है या बिहारी जनता की लड़ाई लड़नी है तो राजग से अलग क्यो नही हो जाते हैं. उन्होंने कहा कि यह बात ठीक नही है कि चिराग पासवान राजग में रहें और शिकायत भी करें. जनसुराज के सूत्रधार ने लखीसराय जिले के सूर्यगढ़ा में एक सभा को संबोधित किया.

# मुख्यमंत्री योगी बोले- बुंदेलखंड अब विकास की उड़ान भरेगा

- बुंदेलखंड को बनाया जाएगा विकास का नया मॉडल

**लखनऊ, 27 जुलाई. उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को कहा कि बुंदेलखंड क्षेत्र के विकास को सरकार सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है.**

मुख्यमंत्री ने झांसी और चित्रकूट धाम मंडल के विधायकों के साथ विशेष बैठक में सभी जनप्रतिनिधियों से उनके निर्वाचन क्षेत्रों की परिस्थितियों, जनअपेक्षाओं और विकासात्मक प्राथमिकताओं के विषय में व्यक्तिगत रूप से संवाद किया। उन्होंने कहा कि चित्रकूट धाम मंडल, जो भगवान श्रीराम की तपोस्थली के रूप में प्रतिष्ठित है और झांसी मंडल, जो रानी लक्ष्मीबाई की वीरगाथा से जुड़ा है, ये दोनों ही मंडल उत्तर प्रदेश की ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक पहचान के केंद्र हैं। इन क्षेत्रों का पुनरुत्थान और समेकित विकास 'नए उत्तर प्रदेश' के निर्माण का मूलाधार है.

बैठक में जनप्रतिनिधियों द्वारा प्रस्तुत किए गए सभी विकास कार्य प्रस्तावों पर विस्तार से चर्चा हुई। मुख्यमंत्री ने लोक निर्माण विभाग और धर्मार्थ कार्य विभाग को निर्देशित किया कि जनप्रतिनिधियों से समन्वय कर प्रस्तावित कार्यों की प्राथमिकता तय की जाए.

**बैठक** | **केंद्रीय मंत्री शिवराज ने की कृषि व महिला सशक्तिकरण योजनाओं की समीक्षा**

# नकली खाद बेचने वालों पर हो सख्त कार्रवाई



**नईदिल्ली, 27 जुलाई. केंद्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने रविवार को विदिशा संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत रायसेन में दिशा ( जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति ) की बैठक ली. बैठक में केंद्र व राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की विभागवार समीक्षा की.**

चौहान ने अधिकारियों से स्पष्ट निर्देश दिए कि किसानों के साथ किसी भी प्रकार की धोखाधड़ी बर्दाश्त नहीं की जाएगी. नकली खाद बेचने को महापाप करार देते हुए उन्होंने कहा कि दोषियों पर तत्काल सख्त कार्रवाई हो. उन्होंने कृषि विभाग को खेतों में जाकर फसल निरीक्षण करने और किसानों को रोग प्रबंधन एवं प्रतिबंधित कीटनाशकों की जानकारी देने को कहा. बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) की प्रगति की समीक्षा करते हुए मंत्री ने कहा कि लाभार्थियों को समय पर किश्त मिले, यह सुनिश्चित किया जाए. वर्ष 2024-25 में जिले में 27,981 आवास स्वीकृत हुए हैं, जिनमें 4,825 पूरे हो चुके हैं.

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत वर्ष 2024-25 में 276 .236 किमी लंबाई की 30 सड़कों को मंजूरी मिली, जिनमें से 28 का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है. इसी तरह, स्वीकृत 13 पुलों में से 9 का काम भी पूर्ण हो गया है. हर गांव को मुख्य मार्ग से जोड़ना प्राथमिकता होनी चाहिए. जल जीवन मिशन के तहत घर-घर नल से जल की उपलब्धता सुनिश्चित करने व निर्माणाधीन परियोजनाओं को समय पर पूरा करने के निर्देश दिए गए.